हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024

04 सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धोया सीढ़ी मार्ग...



07 धीमा जहर बन रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदबू और...





**खबर संक्षेप**

### छात्रवृत्ति और आवास एप्लाई अब 31 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक 2023-24 के लिए MPTAASC पोर्टल पर अनुसूचित जाति और जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास एप्लाई एवं डाटा अपलोड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढाक़र 31 जनवरी 2024 कर दी गई है। संस्था में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से वंचित न रहे और अंतिम तिथि तक सभी विद्यार्थी डाटा अपलोड करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था एवं विद्यार्थी की होगी।

### 22 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** राज्य शासन के वाणिज्यकर के प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी ने 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित करने के निर्देश जारी किये गये है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में स्वरूप की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर बडे कार्यक्रमों का आयोजन, समारोहों, जूलूस, प्रभातफेरी निकाली जाने की संभावित है। इसी दृष्टिगत रखते हुए 22 जनवरी 2024 को शुष्क दिवस घाषित करते हुए शराब बिक्री पूर्णताः प्रतिबंध किया जाए।

## खेती की जमीन ओने पौने-दामों पर खरीद कर अवैध कॉलोनी काटी जा रही

# खेतों में चूना डालकर माफिया बेच रहे प्लॉट, फंस रहे लोग, प्रशासन मौन

**शहर में धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैं। कॉलोनी का नक्शा तथा डायवर्सन पास कराए बिना ही मनमाने तरीके से प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कॉलोनाइजर बिना पंजीयन के ही यह काम कर रहे हैं। कॉलोनाइजरों के झांसे में फंसने के बाद लोगों को कॉलोनी में सुविधा नहीं मिलती, जिससे वे परेशान होते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैं। कॉलोनी का नक्शा तथा डायवर्सन पास कराए बिना ही मनमाने तरीके से प्लाट बेचे जा रहे हैं। कॉलोनाइजर बिना पंजीयन के ही यह काम कर रहे हैं। कॉलोनाइजरों के झांसे में फंसने के बाद लोगों को कॉलोनी में सुविधा नहीं मिलती, जिससे वे परेशान होते हैं। नगर में राजस्व विभाग के कर्मचारियों और प्रॉपर्टी डीलरों की सांठगांठ से खेती की जमीन ओने पौने-दामों पर खरीद कर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। भू-माफियों के जाल में फंस कर प्लॉट लेने वाले उपभोक्ता इनके झांसे में आ जाते हैं।

**सपनों के लुटेरों के खिलाफ हरिभूमि का अभियान**

शहर में अवैध कालोनियों का कारोबार काफी जोरों पर है। कॉलोनाईजरों द्वारा स्वीकृतियां लिए बिना ही चूने की लाइन डालकर प्लान काटना शुरू कर देते हैं। लोग उनकी बातों में आ जाते हैं और फिर अपनी मेहनत की पूंजी को वहां लगा देते हैं। जब उन्हें पता चलता है कि यह तो अवैध कालोनी है तो फिर वह अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से अवैध कॉलोनाइजारों के हौंसले बुलंद हैं।

### नहीं हो रहा नियमों का पालन

सरकारी नियमों के तहत फार्म 4 के नियमों का पालन करने वाली कॉलोनी के प्लॉट की कीमत अधिक हो जाती है। लोन जैसी सुविधा का लाभ भी फार्म 4 कॉलोनी के प्लॉटों को मिलता है, लेकिन एक भी कॉलोनी में फार्म 4 के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। अवैध कॉलोनी बनाने का काम खुलेआम किया जा रहा है। राजस्व विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग का अमला भी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। अवैध कॉलोनियों में एक ओर गांव के भोले-भाले लोगों को फंसाया जा रहा है। वहीं शासन को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।



**इछावर रोड पर फैल रहा अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल :** इन दिनों क्रिसेंट रिसोर्ट के पीछे सीहोर इछावर रोड पर भूमाफिया खेती की जमीन पर अवैध कॉलोनियां काट रहे है। यहां करीब 15 से अधिक जगह पर कॉलोनियां काटी जा रही हैं। यह क्रम लगातार चल रहा है। लेकिन अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**बिना अनुमति व विकास के बेच रहे प्लॉट:** इस समय जगह-जगह खेतों में चूना डालकर प्लाट बेचे जा रहे हैं, जिनके पास रेरा, टीएंडसीपी की कोई अनुमति नहीं ली गई है। इन कॉलोनाइजर्स ने सिर्फ डायवर्सन कर यहां लोगों को कम पैसे में प्लाट बेचना शुरू कर दिए गए हैं। जबकि इन अवैध कॉलोनियों में बाउंडरी, सड़क, बिजली, पानी की सप्लाई, पार्क सहित अन्य सुविधओं का ध्यान नहीं रखा गया। ऐसे में लोगों के जीवनभर की गाड़ी कमाई डूबती नजर आ रही है। इस संबंध में एसडीएम नितिन टाले का कहना है कि पहले नोटिस भेजे जा चुके हैं। अब हम फिर से अवैध कॉलोनियों की लिस्ट बनाकर कार्रवाई करेंगे।

### वैध कॉलोनी में यह होना चाहिए मूलभूत सुविधाएं

एक वैध कालोनी में लाइट की व्यवस्था होना चाहिए। पूरी कालोनी में स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नियमानुसार विद्युत व्यवस्था होना चाहिए। कालोनी के अंदर सड़कें बनी हुई होना चाहिए। ऐसा नहीं हो कि सड़कों के लिए जगह तो छोड़ दी, लेकिन इन्हें बनाया ही नहीं। कालोनी में रहने वाले लोगों की संख्या के अनुपात से पर्याप्त पानी की सुविधा मुहैया कराया जाना चाहिए। इसके अलावा पेयजल सप्लाई लाइन भी डली होना चाहिए। इस समय सबसे अहम सवाल यह है कि लोगों को इस बात का ही ख्याल नहीं रहता है कि शहर में कौन सी वैध और अवैध कॉलोनियां हैं। जिनमें लोगों को लालच देकर प्लॉट दिए जा रहे हैं।

## 22 तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां गत 6 जनवरी से शुरू हो रही है।

मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर 22 जनवरी तक उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे।

**20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर :** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

**22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## मकर संक्रांति:नर्मदा घाटों पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**सीहोर।** जिले में मकर संक्रांति का पावन पर्व परंपरा अनुसार मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग नर्मदा नदी के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे हैं। घरों घर तिल गुड़ का प्रसाद भगवान को अर्पित किया जा रहा है, वहीं बच्चे आज पतंग का आनंद भी ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में स्थित नर्मदा घाटो बुधनी घाट, आवली घाट, नीलकंठ सहित अनेक स्थानों पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मकर संक्रांति के अवसर पर नदी में स्नान करने के लिए पहुंचने लगे हैं और दोपहर बाद तक भारी भीड़ हो गई है। इस बीच मकर संक्रांति का पर्व घर मनाया जा रहा है लोग तिल गुड का प्रसाद भगवान को अर्पित करने के बाद दिल्ली के लड्डू और गजक एक दूसरे को प्रदान कर रहे हैं। मकर संक्रांति पर चुकी पतंग उड़ाने का भी महत्व है इसलिए बच्चे आज पतंग भी उड़ा रहे हैं।

### ड्राइविंग लाइसेंस जागरूकता शिविर आयोजित



**सीहोर।** स्थानीय चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देने तथा परिवहन संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त रूप से आयोजित इस शिविर में जिल परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी जी एवं सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ ने यातायात नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में विद्यार्थियों को फोर ई रोड इंजीनियरिंग, ट्रैफिक एजुकेशन, एमरजैंसी सर्विसेज तथा एनफोर्समेंट के संबंध में बताया तथा वैज्ञानिक नियमों का समावेश करते हुए अपने उद्बोधन में हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग के लाभ बताएं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. उदय डोलस ने ड्राइविंग लाइसेंस के उपयोग तथा लाइसेंस बनवाने में ध्यान रखने योग्य बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। परिवहन विभाग से आए हुए तकनीकी अमले ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया समझाई।

## आज सीहोर स्थित हनुमान फाटक पर जलाए जाएंगे 11 हजार दीप

### पहले होना था 22 जनवरी को आयोजन, लेकिन अब 16 को होगा

**सीहोर।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम संपूर्ण देश में रहेगी। इसको लेकर सीहोर में भी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गईं थीं, लेकिन अब यह आयोजन सीहोर में 16 जनवरी को मनाया जाएगा। नगर स्थित हनुमान फाटक (बड़ा हनुमान) मंदिर में श्रीराम लला महोत्सव से पहले 16 जनवरी को 11 हजार दीप जलाए जाएंगे। यह आयोजन नगर के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि पहले सीहोर में भी आयोजन 22 जनवरी का तय किया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से इस आयोजन को अब 16 जनवरी को किया जा रहा है। इसमें सभी धर्मों के सभी नगरवासियों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीराम लला महोत्सव देश के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इतने वर्षों के बाद श्रीराम लला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। ऐसे में इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह सीहोर भी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस समय सम्पूर्ण देश में श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीहोर में भी 16 जनवरी को 11 हजार दीप जलाए जाएंगे और एक बार फिर से नगर में दीपावली मनाई जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी की जाएगी तो वहीं प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीहोर नगर में यह आयोजन सर्व सम्भाव की भावना के अनुरूप किया जाएगा। इस दौरान नगर के सभी सनातनी हिन्दुओं के साथ ही हमारे मुस्लिम भाई-बहनों सहित अन्य धर्मों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील भी की है कि वे इस ऐतिहासिक एवं पावन उत्सव में शामिल होकर अपने नगर को गौरवान्वित करें एवं इस गौरवशाली क्षण के गवाह बने। श्री अरोरा ने कहा कि सीहोर नगर ने हमेशा से सर्व-सम्भाव का उदाहरण पेश किया है। नगर में हमेशा से सर्वधर्म की भावना के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। ऐसे में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भी नगरवासी सर्वधर्म का उदाहरण पेश करेंगे।

## विधायक सुदेश राय ने नागरिकों और अधिकारी कर्मचारियों के साथ हनुमान मंदिर में की सफाई

**रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिले में सफाई, कलश यात्रा और आमंत्रण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जिले भर में सफाई अभियान प्रारंभ हो गया है। इस अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सामाजिक संस्थाओं प्रतिनिधि शामिल हो रहे है। अभियान 21 जनवरी तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय ने नागरिकों और अधिकारी कर्मचारियों के साथ भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर मे तथा आवासीय खेल परिसर में सफाई की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हम सभी के आराध्य प्रभु श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के शुभ अवसर पर श्रीरामोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले सभी मंदिरों को अच्छी तरीके से साफ-सफाई की जाएगी। फिर मंदिरों को सजाकर 22 को दिवाली मनाई जाएगी। विधायक श्री राय ने सभी नागरिकों से अपने घरों और आसपास के इलाकों की सफाई करने की अपील की।

इस अवसर पर विधायक श्री राय ने स्वच्छता अभियान में शामिल हुए सभी नागरिकों एवं खिलाड़ियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### कलश यात्रा, आमंत्रण एवं स्वच्छता

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जिले भर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं प्रतिनिधि एवं आम नागरिक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। जिले के बुधनी के ग्राम महागॉव कदीम एवं कोठरा पिपलिया में कलश यात्रा एवं घर-घर अक्षत वितरित कर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस सफाई अभियान को सतत रूप से जारी रखते हुए प्रतिदिन 22 जनवरी तक नगर के मंदिरों एवं कार्यालयों मे सफाई अभियान आयोजित किया जाएगा।

**जनपतिनिधियों, शासकीय सेवकों तथा नागरिकों द्वारा भैरूंदा में चलाया गया सफाई अभियानः** अयोध्या में दिनांक 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है इसके उपलक्ष्य में भैरूंदा विकासखण्ड के ग्राम नीलकंठ में मां नर्मदा और भगवान श्री नीलकंठेश्वर जी का स्थान पर किया गया।

सफाई अभियान भैरूंदा नगर के वार्ड नंबर 7 गांधी चौक छोटा बाजार में स्थित भगवान श्रीराम भगवान के मंदिर परिसर के साथ ही समस्त क्षेत्र मे चलाया गया।

सफाई अभियान जिला अध्यक्ष रवि मालवीय , नगर परिषद के अध्यक्ष मारुति शिशिर, अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी , तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अज़रिया के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।

## नर्मदा घाटों व मंदिरों में दीप प्रज्जवलन और घरों में होगा दीपोत्सव

# अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सीहोर में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धार्मिक नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान मे रखकर सीहोर जिले में भी 22 जनवरी तक गरिमा पूर्वक रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी आयोजन गरिमामय ढंग से आयोजित किए जाने तथा जिले में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सभाकक्ष में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संस्था प्रमुखों, पुजारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई।





बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कहा कि जिले में 22 जनवरी तक सभी कार्यक्रामें का भव्य एवं गरिमामय आयोजन के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा एवं मनीष शर्मा ने जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

**जिले में यह होंगे कार्यक्रम :** जिले में 21 जनवरी 2024 तक श्रीरामचरित्र लीला समारोह सीहोर जिले में टाउन हॉल सीहोर एवं सलकनपुर मंदिर, सभी नगरों एवं गाँवों में विशेष सफाई अभियान और सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेज में साज-सज्जा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसी तरह 22 जनवरी तक सीहोर जिले के जिन स्थानों पर रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख मार्ग पर स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्ग से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान एवं स्वागत, सीहोर जिले के सभी ग्रामों एवं नगर के सभी वार्डों में सुंदरकाण्ड तथा रामचरित्र मानस एवं अखण्ड रामायण पाठ और भजन कीर्तन, रंगोली माण्डना, कलश यात्रा, प्रत्येक मंदिर में जनसहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन, द्वीप प्रज्जवलन हर घर में द्वीपोंत्सव के लिए आमजन को जागृत करना। 16 से 22 जनवरी सभी नगरों के मोहल्लों में तथा ग्रामों में स्थानीय कार्यक्रम राम मंडलियों के कार्यक्रमों का आयोजन, प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि, भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन किया जायेगा। इसके पश्चात 16 से 21 जनवरी एक सप्ताह प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। 21 एवं 22 जनवरी को बुधनी अनुविभाग के घाट पर दीप दान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 21 से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जायेगी। 22 जनवरी को सभी ग्रामों एवं नगर के मुख्य मंदिरों टीव्ही स्क्रीन लगाकर अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, प्रमुखों मंदिरों में भंडारों के आयोजन, सीहोर नगरीय क्षेत्र एवं सीहोर जिले में जहाँ वृद्धाश्रम हों वह दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## मौत का शार्टकटः लुनिया चौराहा जाने 10-15 मिनट बचाने लोगों ने ट्रैक को बनाया आम रास्ता


### अंडर ब्रिज से 10, ओवर ब्रिज से 15-20 और ट्रैक पार कर जाने में लगते हैं 5 मिनट



**सीहोर।** लुनिया चौराहा जाने के लिए मंडी गेट के पास से गुजर रहे रेलवे ट्रैक को लोगों ने आम रास्ता बना लिया है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पार कर बेरोकटोक आवाजाही कर रहे हैं। कई लोग तो यहां से अपनी साइकिल को भी निकालते हैं, जबकि पास में ही अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज दोनों हैं। पिछले दिनों इंदौर में दो युवतियों की ट्रायल रन के दौरान रेलवे ट्रैक पर आने से मौत हो चुकी है। इसके बाद भी लोग ट्रैक को पार करना नहीं छोड़ रहे हैं। मंडी गेट के पास से रेलवे ट्रैक पार करने वालों ने बताया कि जहां से वह निकलते हैं अंडर ब्रिज उससे कुछ दूरी पर है। इसके लिए करीब 300 मीटर का चक्कर लगाना पड़ता है और ट्रैक से पार कर करीब 50 मीटर की दूरी ही तय करनी होती है। वहीं, ओवर ब्रिज की लंबाई करीब 1 किमी है। इसके लिए मंडी गेट से ब्रिज पर चढ़ने के लिए जाने में ही 200 मीटर जाना होता है। ओवर ब्रिज से लुनिया चौराहा जाने में 20 से 25 मिनिट लग जाते हैं। वहीं अंडर ब्रिज से जाने में करीब 15 मिनिट का समय लग जाता है, इसलिए रेलवे ट्रैक से सीधे जाते हैं तो सिर्फ 5 मिनट लगते हैं।

खबर संक्षेप

## यश राज चौहान करेंगे राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता



**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में सीहोर के शासकीय चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवक यशराज चौहान का चयन हुआ है। सीहोर की जिला मुख्यालय की शास्त्री कॉलोनी के निवासी स्वयंसेवक यश राज चौहान पुत्र अनिल चौहान का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र के लिए हुआ यशराज नासिक महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व बरकतुल्लाह विश्विद्यालय भोपाल की और से राष्ट्रीय सेवा योजना मध्यप्रदेश के दल के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं।यशराज अपने संगीत के हुनर से जिले में भी अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक यशराज ने समय समय पर कई सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण निभाते हैं जिसमें नुक्कड़ नाटक, एड्स, रक्तदान, बाल संरक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण विषय को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

## समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी।

### देववासिनी के सदस्यों ने माता टेकरी के सीढ़ी मार्ग पर की सफाई

# सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धोया सीढ़ी मार्ग, सांसद सोलंकी ने भी चलाया वायपर

**प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश का पालन करते हुए संस्था देववासिनी के संवरक्षक सांसद सोलंकी ने संस्था के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ माता टेकरी सीढ़ी मार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 से 21 जनवरी तक देशभर में सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्देश का पालन करते हुए संस्था देववासिनी के संवरक्षक सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने संस्था के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ माता टेकरी सीढ़ी मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया की प्रातः 9 बजे संस्था के कार्यकर्ताओ ने माता टेकरी सीढ़ी मार्ग से सफाई अभियान की शुरूआत की ओर सभी कार्यकर्ता शाम 5 बजे तक सीढ़ी मार्ग को झाड़ू लगाकर एवं वाइपर से धोते हुए सीढ़ी द्वार पर पहुचे।

इस स्वच्छता अभियान में सांसद सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने माता टेकरी की सीढिय़ों की सफाई कर पानी से धोया।इस अवसर पर सांसद सोलंकी ने कहा कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीराम 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विधिवत रूप से विराजित होंगे। भगवान राम का यह महापर्व पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आव्हान किया है कि हम अपने-अपने क्षेत्र को अयोध्या मानकर जितने भी प्रमुख मंदिर है उनकी साफ-सफाई कर सफाई अभियान चलाएगे। इस आव्हान पर संस्था देववासिनी ने माँ चामुण्डा टेकरी सीढ़ी मार्ग से सफाई अभियान की शुरूआत की है। इसी तारतम्य में संस्था द्वारा सोमेश्वर महादेव,मनकामनेश्वर महादेव, श्री खेडापति मारूती मंदिर, बिलावली महादेव मंदिर में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। माता टेकरी पर चलाए गए सफाई अभियान में संस्था का हर एक सदस्य अपने भी अहम भूमिका निभाई है। सासंद सोंलकी ने अपील की है कि देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में जहां-जहां प्रमुख मंदिर स्थित है। उन मंदिरों पर जाकर आप सभी सफाई अभियान चलाए। हमारे देश में एक बहुत बडा महापर्व होने जा रहा है। इस महापर्व को हम दीपावली की तरह मनाते हुए मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाए। सांसद सोलंकी ने कहा 21 जनवरी तक यह अभियान निरंतर चलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शंभू अग्रवाल, प्रवीण वर्मा,अजय तोमर, दुर्गेश सिंह खींची, शेखर कौशल, निलेश वर्मा ,भूपेश ठाकुर, गोपाल खत्री, संजय ठाकुर, खिलेश शिंदे, भोजराज सिंह ठाकुर, नीरज सिंह चौहान , मितेश रघुवंशी, संतोष वर्मा, लकी मक्कड़, अनुज शर्मा, अशीष दवे, पंकज सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई भारतीय मानक लेख प्रतियोगिता




**इछावर।** क्षेत्र के गांव रामनगर स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें करीब डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता देवेश कुमार जी(RST) एवं संजय मालवीय जी (मेंटर शिक्षक) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।प्रतियोगिता में चयन समिति द्वारा विजेताऐ घोषित किए गए। विजेताओं को किया पुरस्कृत - प्रथम स्थान पर सरोज ठाकुर एवं नीलम ठाकुर रहे , इन्हें 1000 रू. एवं द्वितीय स्थान पर अंजू चौहान एवं कशिश सेन को 750 रू. एवं तृतीय स्थान पर ममता वर्मा एवं दीक्षा विश्वकर्मा को 500 रू. एवं चतुर्थ स्थान पर राधा वर्मा व दीक्षा मेवाड़ा को 250 रू. का नगर पुरस्कार देकर पुरूष्कृत किया गया ।मानक का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं का उपयोग करना ISI हॉलमार्क और BIS मार्क आदि मार्को से बच्चों को अवगत कराया।उक्त प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बहुत रुचि लेकर भाग लिया। प्राचार्य दिनेश कुमार मौसावत ने बताया की छात्रों को कौशल बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं ताकि छात्रों का उत्साह योग्यता बड़े।इस अवसर पर संस्था के शिक्षक राकेश ठाकुर, दार्शनिक साहू, राजेंद्र जलोदिया, बिजेंद्र ठाकुर, विरेन्द्र राजपूत, प्रमोद अहिरवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे ।

**सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई** : सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

## पूर्व सीएम उमाभारती पहुंची आंवलीघाट-सलकनपुर



**रेहटी।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र नर्मदा तट आवलीघाट पहुंची। यहां पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर मां नर्मदा का अभिषेक भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने आंवलीघाट पर कुछ देर बैठकर ध्यान भी लगाया। इस दौरान वहां पर मौजूद भक्तों ने भी उनसे मेल मुलाकात की। यहां से साध्वी मां बिजासन धाम सलकनपुर भी पहुंची और मां बिजासन के दर्शन करके उन्होंने प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना भी की। उमा भारती समय-समय पर सलकनपुर पहुंचती रही हैं। इस बार उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर आंवली घाट पहुंचकर यहां पर पूजा अर्चना की।

## अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। विद्यार्थी को एग्जाम फार्म भरने से पहले एबीसी में केवल एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

## श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सीहोर के टाउन हॉल में कलाकारों ने दी वनवासी लीला की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सीहोर के तथा सलकनपुर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में सीहोर के टाउन हॉल में वनवासी लीला का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम के वन गमन पर अयोध्या के मार्मिक दृश्य सहित श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित अनेक दृश्यों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय, डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल पर दर्शक भावुक हो गए। भगवान श्री राम, माता सीता तथा लक्ष्मण को तपस्वी परिधानों में वन की तरफ प्रस्थान करने का दृश्य देख सभी दर्शकों की आंखें नम हो गई। भगवान श्री राम के वन गमन से पहले माता कैकेयी राजा दशरथ से उनके दिए हुए वचन के बदले भरत को राजा और श्री राम को वनवास की मांग करती है। विवश होकर राजा दशरथ अपने वचन को निभाते हुए राम को वन जाने का संदेश भेजते है। पिता की आज्ञा पाकर श्री राम, लक्ष्मण व सीता के साथ वन पथ पर प्रस्थान करते हैं। श्री राम जब नदी के तट पर पहुंचते है तब केवट द्वारा श्रीराम को गंगा पार कराने से पहले पांव पखारना चाहते है। केवट द्वारा पांव पखारने के बाद श्री राम को गंगा पार कराया जाता है। दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए।

## आर्य समाज की विशेष बैठक का आयोजन



**सीहोर।** आर्य समाज लोधी मोहल्ला गंज सीहोर एवं आर्य वीर दल जिला सीहोर द्वारा रविवार को ही प्रातःकाल यज्ञ किया गया। इसके पश्चात विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक महाराणा प्रताप कालोनी में आर्य समाज लोधी मोहल्ला गंज सीहोर द्वारा बन रहे आर्य समाज के भव्य मन्दिर निर्माण हेतु रखी गई। जिसमें यह निर्णय किया गया कि आर्य समाज का मन्दिर भव्य एवं आकर्षक बनना चाहिए।

जिससे कि वैदिक धर्म एवं आर्य संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार हो सके। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप प्रांताध्यक्ष अन्तराष्ट्रीय हिन्दु परिषद के प्रांताध्यक्ष अतुल राठौर काका एवं क्षेत्रीय पार्षद अर्जुन राठौर, शंकर ठाकुर, नवीन राठौर,आर्य समाज के प्रधान आचार्य विजय राठौर उप प्रधान विजय कुलश्रेष्ठ, उप मंत्री अनिरूद्ध आर्य, पुरोहित अरूण राड़ोर, संरक्षक ब्रजेश राठौर, प्रचार मंत्री, वासूदेव जादवानी, मनोज राठौर, आर्यवीर दल जिला संचालक संदीप, सह संचालक महेन्द्र राठौर, राजेन्द्र सेन, आर्यवीर दल जिला महामंत्री अंकित राठौर, आर्यवीर दल जिला बौद्धिक अध्यक्ष संतोष सिंह आर्य, आर्यवीर दल अधिष्ठाता जितेन्द्र राठौर, विशेष सहयोगी अमित राठौर, महेश मिस्त्री, अमित खरे, राजकुमार अग्रवाल, दीपक राठौर, सोनु प्रजापति, उमेश मालवीय, जयंत राठौर, विनोद राठौर, विक्रम मालवीय, लविस राठौर, शेखर रेहदास, पंकज राठौर, इशु राठौर, अनुराग राठौर, राकेश व्यास, राजु ठाकुर, विनोद देसावरी, इलु झलावा सहित बड़ी संख्या में आर्य वीर उपस्थित रहे।

## दसवीं स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट स्टेट स्पोर्ट्स का शुभारंभ




**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित दसवीं स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट स्टेट स्पोर्ट्स का आयोजन दिनांक 14 से 16 जनवरी के बीच आवासीय विद्यालय के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी और वॉलीबॉल खेल शामिल है। प्रतियोगिता मेंस्टेट स्पोर्ट्स का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा , शैलेष शुक्ला अध्यक्ष खेलकूद एवं सांस्कृतिक समन्वय समिति डी पी आई , राजेश बड़गे सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश गुप्ता, बीआरसीसी अशोक वर्मा, पीटीआई संघ अध्यक्ष सलाकांत के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रभारी डी. एस.ओ. अत्ताउल्लाह खान,अंकुर शर्मा, संजय सक्सेना अंशुल शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का अभिन्न अंग है। कर्मचारियों के लिए होने वाली यह प्रतियोगिता उनका मनोबल बढ़ाएगी । इस अवसर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक समन्वय समिति डीपीआई के अध्यक्ष शैलेश शुक्ला ने कहा कि मेरा प्रयास इस आयोजन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का है। एशियाई आयोजन से कर्मचारियों की फिटनेस को भी बढ़ावा मिलता है और इनको अपने प्रतिभा प्रदर्शन करने के लिए एक मंच मिलता है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर ,ग्वालियर, शहडोल रीवा ,उज्जैन ,नर्मदापुरम, जनजातीय विभाग ,लोक शिक्षण संचालनालय ,सागर और भोपाल संभाग सम्मिलित हो रहे हैं।आभार प्रभारी डीएसओ अत्ताउल्लाह खान ने व्यक्त किया।

**प्रथम दिन के वॉलीबॉल और कबड्डी के मैच के परिणाम :** प्रथम दिन कबड्डी में तीन मैच आयोजित किए गए। प्रथम मैच इंदौर और सागर के बीच इसमें सागर विजेता रहा, उज्जैन और रीवा के बीच में उज्जैन विजेता रहा, भोपाल जबलपुर में जबलपुर विजेता रहा।इसी तरह से वॉलीबॉल में दो मैच आयोजित किए गए ।इसमें पहला मैच सागर और इंदौर के बीच हुआ जिसमें सागर विजेता रहा, दूसरा मैच भोपाल और जबलपुर के बीच में हुआ। दोनों के बीच मैच टाई रहा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन शेष मैच आयोजित किए जाएंगे।

### मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर है जारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री राय ने कहा कि मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर जारी है।

ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। विधायक श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं पात्रतानुसार हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित स्थल पर अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की अनेक हितग्राही मूलक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग के पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं।

## श्रीराम चरित मानस यज्ञ का आयोजन



**रेहटी।** नगर में श्रीराम चरित मानस यज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17 से 25 जनवरी तक नगर के हनुमान मंदिर हनुमान चौक पर होगा। यहां पर श्रीरामचरित मानस के अखंड 151 पाठ किए गए हैं। ये पाठ पूर्ण होने एवं शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ का आयोजन रखा गया है। इस दौरान 17 जनवरी को हेमाद्रि, कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ ही यज्ञ का शुभारंभ होगा। इसके बाद 21 जनवरी को महादेव का नगर भ्रमण एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा होगी तो वहीं 25 जनवरी को यज्ञ पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ ही विदाई का कार्यक्रम किया जाएगा। श्रीराम चरित मानस यज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित जमनाप्रसाद शास्त्री नंदगांव वाले रहेंगे। आयोजन को लेकर यहां पर भव्य तैयारियां भी चल रही हैं। आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। श्रीराम चरित मानस यज्ञ का आयोजन समस्त नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में सभी नगरवासियों सहित आसपास के धर्मावलंबियों से भी इस यज्ञ में शामिल होने एवं आहूति देने की अपील की है।

### ग्राउंड के समीप की कॉलोनी और बस्ती के लोगों ने उठाई आपत्ति

# धीमा जहर बन रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदबू और धुआं, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समूचे राजगढ़ नगर के घरों व अन्य स्थानों से एकत्रित होने वाले कूड़ा, करकट, मृत मवेशियों को पाटन रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में फिकवाया जाता है। इस ग्राउंड के समीप ही मोहनपुरा पुनर्वास कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी एवं रहवासी बस्तियां हैं। ग्राउंड के कचरे एवं मृत मवेशियों से पूरे दिन उठने वाली बदबू, धुएं से हलाकान पुनर्वास कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार सुबह हंगामा कर दिया। कॉलोनी की महिलाओं, पुरुषों ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा नगर के मृत मवेशियों को यहां के गड्ढों में खुले में फेंक दिया जाता है। मवेशियों को फेंकने के बाद गड्ढे को पुरवाया(कवर्ड) नहीं किया जाता। उसकी बदबू पूरे दिन दूर-दूर तक फैलकर बीमारियों का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही नपा कर्मियों द्वारा कभी-कभी कचरे में आग भी लगा दी जाती है। उससे उठने वाला धुंआ भी रहवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।







## रहवासी बोले तो करेंगे उग्र आंदोलन

मोहनपुरा पुनवार्स, सिविल लाईन कॉलोनी, हेडगेवार कॉलोनी के बाषिंदों ने नगर पालिका प्रबंधन से मांग की है कि इस समस्या का स्थाई निदान करवाया जाए। अगर समस्या हल नहीं होती है आने वाले दिनों में रहवासियों द्वारा उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### आगे नहीं बढ़ पा रहीं ग्राउंड की शिफ्टिंग की फाइलें

नगर पालिका द्वारा सालों पहले शहर से दूर इस ग्राउंड को बनवाया गया था। उस समय ग्राउंड के आसपास पुनर्वास कॉलोनी व अन्य बस्तियां नहीं थीं। लेकिन, अब चूंकि टेचिंग ग्राउंड के आसपास के क्षेत्र में सैकड़ों परिवार रहने लगे हैं ऐसे में समस्या के स्थाई निदान के लिए ग्राउण्ड का शहर से दूर अन्यत्र शिफ्ट करने की नितांत आवष्यकता है। यह ग्राउंड दूसरे जगह शिफ्ट करने का मसला भूमि आबंटन व अन्य कागजी प्रोसेस में अटका हुआ है। बताया जा रहा है कि फाइल एसडीएम कार्यालय में पड़ी हुई है। अगर नगर पालिका के अधिकारी इस मसले को प्राथमिकता में लेकर फाईलों को आगे बढ़वाएं तो ग्राउंड की शिफ्टिंग हो सकती है।

### टैंडर हो चुकर है...

ग्राउंड में पड़े हुए पुराने कचरे, मलबे आदि को हटाने के लिए टैंडर हो चुका है, जिसका काम जल्द चालू हो जाएगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड अन्य जगह पर बनाए जाने की फाइल भी प्रोसेस में है। भूमि आबंटन आदि में मसला अटका है। मैं इसको दिखवा लेता हूं।

**रवि गुप्ता, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

### अनुभूमि कार्यक्रम के तहत अलग-अलग दिनों में लग रहे शिविर

# वन्य जीवन को जानने, समझने बच्चों को कराया गया अभ्यारण्य का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूली बच्चों, युवा पीढ़ी को वन्य जीवन को जानने, समझने का अवसर प्रदान करने वन विभाग द्वारा जनवरी माह में अनुभूति कार्यक्रम संचालित करवाया जा रहा है। इसके तहत जिले के चिड़ी खो अभ्यारण्य में अलग-अलग दिनों में निजी एवं शासकीय स्कूलों के बच्चों को भ्रमण करवाया गया।

इस दौरान बच्चों को वन्य जीवों के पद चिन्ह, विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों, जलीय संरचनाओं, जीव-जंतुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभ्यारण्य में घूमकर बच्चे भी काफी रोमाचित हुए और पर्यावरण से प्रत्यक्ष जुड़ाव पाकर वन्य जीवन को उन्होंने जाना। उप वनमंडल अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला



वनमंडलाधिकारी बेनीप्रसाद दोतनिया के निर्देशों पर 8 से लेकर 11 जनवरी तक अभ्यारण्य में शिविरों का आयोजन करवाया गया। इस दौरान अभ्यारण्य में जीव जंतुओं, वन जीवन आदि से संबंधित बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं। इन शिविरों में शासकीय एवं निजी दोनों विद्यालयों के सैकड़ों बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए।

### आयोजित हुई प्रतियोगिताएं, बांटे पुरस्कार

विभाग द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं कईं तरह के पुरस्कार भी वितरित करवाए गए। अधिकारियों ने बताया कि आगामी 17, 18, 19, 22 एवं 31 जनवरी को भी इसी तरह के शिविर आयोजित होंगे। पूरे माह में कुल 9 शिविरों का आयोजन होना है जिनमें से कुछ शिविर आयोजित हो चुके हैं। राजगढ़ उप वनमंडल अधिकारी राजीव दुबे, अभ्यारण्य अधीक्षक दिनेश यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव गुप्ता, शिरोमणि गुप्ता, भगवतिषरण शर्मा उत्साह के साथ शिविर आयोजित करवा रहे हैं।

### भागवत कथा के समापन पर श्रद्धालु ने पाई महाप्रसादी



**लखनवास।** बड़ौदिया बड़ली माता मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। आयोजकों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ग्रंथ तथा कथा वाचक टीम को सादर विदा किया गया। कथा के अंतिम दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते पंडित सतीश नागर ने कहा कि जीवन की महान सच्चाई मौत है कोई भी जीव इससे बच नहीं सका है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। कथा समापन के बाद हवन यज्ञ का आयोजन हुआ और पूर्णाहुति के बाद अटूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सकल पंच राठौर समाज ने नवीन कार्यकारिणी का किया गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल पंच राठौर समाज की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर बैठक राधा कृष्ण राठौर समाज मंदिर पंडितवाडी में शनिवार को साहू समाज जिला अध्यक्ष राम नारायण साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर की गई। जहां सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर ने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सुरेश राठौर सहेली कलेक्शन, कोषाध्यक्ष कमल राठौर दयावान, सचिव सुरेश राठौर रंगेरवाड़ी, संगठन मंत्री घासीराम राठौर, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण राठौर गोपाल राठौर पत्रकार, सलाहकार कमल राठौर, अंबाराम राठौर, राधेश्याम राठौर, ओमप्रकाश साहू, दिनेश राठौर, रामगोपाल राठौर, हुकुमचंद राठौर, मनोहर लाल राठौर, राकेश राठौर रक्कू, को नियुक्ति पत्र देकर समाज के अहम दायित्व को अपने कार्यकारिणी में शामिल किया गया। वहीं राठौर समाज के युवा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर को पत्रकार संघ का अध्यक्ष बनने पर उनका फूल माला दुपट्टा पहनाकर राठौर समाज द्वारा सम्मान किया गया किया गया। डॉक्टर कपिल ओम प्रकाश राठौर एडवोकेट द्वारा मंदिर में आरती मशीन दान दी गई व सुनील राठौर उस्ताद ने अपने पिता कन्हैया लाल की स्मृति में एक पंखे की घोषणा की गई। इस अवसर पर सकल पंच राठौर समाज के वरिष्ठ एवं नवयुवक सदस्य बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश का किया वितरण



**लखनवास।** ग्राम सुंदरपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत का वितरण किया( 22 जनवरी 2024 को हर घर-घर दीप जलाने को कहा( इस दौरान सभी लोगों को 22 जनवरी 2024 अयोध्या में होने वाली श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा होने पर भजन कीर्तन रंगोली घर पर भगवा ध्वज लगाने को कहा। अपने गांव मोहल्ले को मंदिरों को सजाने को कहा और इसके बीच में संघ के कार्यकर्ता जब सुंदरपुर गांव के बुजुर्गों से मिले तो दादा दादी भावुक होकर खुशी से निमंत्रण स्वीकार किया और ै के कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया और राम मंदिर की तस्वीर लेकर कहा मेरा जीवन धन्य हुआ जो मेरे घर अयोध्या रामलाल मंदिर की तस्वीर आई है। इसके बीच में बुजुर्ग ने अयोध्या रामलला मंदिर के बारे में भी जो उन्हें इतिहास मालूम था उसके बारे में भावुक होकर बड़े विस्तार से बतलाया और कहा कि मेरे घर में आज ही से दीपक चालू हो जाएंगे 22 जनवरी को भव्य दीपावली की तरह मनाया जाएगा।

### श्रमदान के बाद वार्ड 15 के लोगों ने लिया निर्णय

# जो वार्ड की कॉलोनियों में गंदगी करेगा उस पर लगाएंगे जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 22 जनवरी अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत रविवार को वार्ड 15 की इंगले कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में कॉलोनी के रहवासियों ने 2 घंटे सफाई श्रमदान किया। रहवासियों ने यह भी संकल्प लिया कि अब हर हफ्ते कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जाएगा। इसके साथ सभी ने सामूहिक रूप से यह भी निर्णय लिया कि जो भी लोग कॉलोनी में यहां-वहां खुले में कचरा फेकेंगे या गंदगी करेंगे, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजेश खरे ने भी श्रमदान में हिस्सा लेते हुए लोगों को प्रेरित किया कि वे भी इस अभियान से जुड़े। वार्डवासियों ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोली बनाकर दीपों से सजावट की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवींद्र इंगले, मुकेश नामदेव, मोतीलाल कुंभकार, मनोज पंवार, अंकित भिलाला, सुरेश प्रजापति, विजय श्रीवास्तव, कन्हैयालाल दांगी, पंडित दीपक जोशी, कालू गुर्जर, प्रकाश गायकवाड़, नपा दरोगा रंजीत लोहट सहित कॉलोनीवासी एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।



# फलोदी कॉलोनी के मेडतवाल परिवार जनों ने डग बालाजी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

फलोदी कॉलोनी मेडतवाल समाज के परिवारजनों ने नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में श्रीराम डग बालाजी समिति के द्वारा भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरांत फलोदी कॉलोनी के सदस्यों का नववर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिला पुरुष बच्चों ने डांस मेलोडी ,धार्मिक सहित कपल गेम की बहुत सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर कालोनी के 70 वर्ष से अधिक उम्र के मेडतवाल जनों का शाल माला पहनाकर कर सम्मान किया। निर्धारित समय पर समारोह में शामिल हुए कपल को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर प्रथम पांच प्रथम कपल जो कि निर्धारित समय पर समारोह स्थल पर पहुंचे जिन्होंने पुरे समय अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वह रामबाबू मधुबाला गुप्ता गरड़ा वाले, दिनेश जमींदार कुसुम जमींदार, श्याम जमींदार चंदा जमींदार, पुरूशोतम गुप्ता, सीमा गुप्ता मेडम रावली वाले, विक्की जमींदार निशा जमींदार को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। जहां पर प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक, फलोदी कॉलोनी के कैलाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता गरड़ा, जगदीश गुप्ता दांइखेड़ी वाले, मनोज गरड़ा,संजय गुप्ता दांइखेड़ी, ओम जुलानिया, राजेन्द्र सिंह जमींदार, रामबाबू गरड़ा, दिनेश जमींदार, मुकेश गुप्ता भानेज एटलस्त्र, श्याम जमींदार विक्की जमीं सहित महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित रहे।



### 'हमारा समाज जो आज बिखरा हुआ है वह तिल-गुड़ की तरह संगठित हो'

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मकर संक्रांति पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिस प्रकार तिल्ली बिखरी हुई रहती है तो उसके कोई मायने नहीं रहते। परंतु जब वह गुड़ के साथ मिल जाती है तो उसके संगठित होने से उसकी कीमत बढ़ जाती है और उसे हर व्यक्ति मिठाई के रूप में पसंद करता है। इसी तरह आज हम देखते हैं कि हर समाज का व्यक्ति जाति पंथ, आपसी मतभेद ऊंच- नीच के चलते बिखरा हुआ है। यदि वह तिल गुड़ की तरह एकत्रित होकर संगठित हो जाए तो हमारे देश को सिरमौर बनने से कोई रोक नहीं सकता। और यह पवित्र कार्य राष्ट्रीय स्वयं संघ वर्षों से करता चला रहा है। हम मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए संघ स्थान पर एकत्रित हुए हैं यह पर्व इसलिए ही मनाया जाता है कि हमारा समाज जो आज बिखरा हुआ है वह तिल गुड़ की तरह संगठित हो इस दृष्टि से यह पर्व संघ स्थान पर मनाया जा रहा है। उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समरसता के पर्व मकर संक्रांति उत्सव व्यायाम शाला पर आयोजित कार्यक्रम मकर संक्रांति उत्सव के अंतर्गत मुख्य वक्ता ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में खंड संघचालक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रावास अधीक्षक देवीसिंह मालवीय ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के कर कमलों द्वारा भारत माता, परम पूज्य गुरु जी , डॉक्टर हेडगेवार जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर के कई स्वयंसेवक उपस्थित थे। जहां सभी ने तिल गुड़ के लड्डू की मिठाई ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवक संघ स्थान से सीधे भरगुंडा मोहल्ले सेवा बस्ती में पहुंचे यहां सभी गरीब बच्चों के बीच उपस्थित होकर तिल गुड़ के लड्डू एवं मिठाई का वितरण करें सामाजिक समरसता का संदेश।



# संस्कार एकेडमी में खेल गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

संस्कार एकेडमी पचोर में रविवार को दो दिवसीय खेल गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजढ़ के पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा एवं विशेष अतिथि पचोर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित के साथ संस्था प्रबंधक मंडल के दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा उपस्थित थे। आयोजन में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ अतिथि वृंदों का पुष्प हार से स्वात सत्कार किया गया तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना द्वारा स्वागत भाषण दिया या। इसके पश्चात खेल दिवस की परंपरा को निभाते हुए मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया या तथा परेड दल द्वारा सलामी दी गई। इसी क्रम में मशाल जलाकर विद्यालय के दल के नेतृत्व में गांधी हाउस, सुभाष हाउस, टगौर हाउस एवं कलाम हाउस के सभी विद्यार्थियों द्वारा अपने हाउस का ध्वज थाम कर मार्च पास्ट किया गया। खेल गतिविधियों में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के समक्ष 100 मीटर दौड़ संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कवि साहित्यकार एवं शिक्षाविद अनिल सोनी द्वारा संपादित श्रीराम प्रश्नमालिक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में विशेष अतिथि विकास दीक्षित द्वारा अपने प्रेरक वचन में बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही गई तथा मुख्य अतिथि धर्मराज मीणा द्वारा सफलता पर बच्चों से अपने अनुभव सांझा किए। अंत में संस्था प्रबंधक मंडल द्वारा अतिथि वृंदों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष दीपक गोयल द्वारा किया या। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा 9वीं का छात्रा पूर्णिमा चौधरी एवं महक सक्सेना द्वारा किया गया।



### रोजगार की दिशा में हम सब आगे बढ़ें : मंत्री टेटवाल

# ब्लॉक स्तरीय बैठक में राज्य मंत्री टेटवाल और गीतकार व्यास का मप्र जन अभियान परिषद ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना ग्लोबल इंडस्ट्रीज लोकल फोर बोकल की स्कीम के तहत हमें प्रत्येक युवा को रोजगार देने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है हम सब की जिम्मेदारी यह है की इन स्किमो से सभी को जोड़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी इस योजना से लाखो करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकता है। इसी कड़ी में एक और योजना को शामिल किया गया जिसका नाम प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना है। इस योजना से सभी प्रकार के कारीगर अपनी कुशलता के साथ रोजगार के अवसर प्राप्त कर अपने परिवार की जीविका अच्छे से चला सकते हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा पर्यावरण जैविक खेती जन कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार जिस गति से किया गया उसी गति से हम इस योजना को भी धरातल पर लागू करें।

उक्त उद्गार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लाक स्तरीय बैठक के दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त किया। इसके पूर्व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ओर से गीतकार सुशील ब्यास का राम नाम गीत को लेकर शाल श्रीफल से सम्मान किया तथा राज्य मंत्री टेटवाल सहित उपस्थिति मंचासिन अतिथियों ने गीत का लिखित विमोचन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने जन अभियान परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला।





इस दौरान उपस्थिति नवांकुर संस्थाओ व ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव तथा सीएमसी एलडीपी मेंटर छात्र छात्राओं के द्वारा राज्य मंत्री टेटवाल का स्वागत सम्मान आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन संजय परमार ने किया आभार ब्लाक समन्वयक बामनिया ने माना। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विष्णु पाटीदार, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, समाजसेवी दिनेश सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष सतीश बेस, जनपद सीओ प्रमोद कुमार सिंह, नवांकुर संस्था से नवीन रुण्डवाल, रघुराज सोलंकी, फूल सिंह नागर, अशोक शर्मा, रेखा नागर, पवन सिंह राजपूत, दिनेश बामनिया, महेश पुष्पद, मनोज पुष्पद, रवि परिहार, योगेश महेश्वरी, रवि राठौर, मनोहर लववंशी, देव सिंह गुर्जर, दीपक पुष्पद सहित जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### खातेगांव विधायक को भेंट की मंदिर की आकृति



**आष्टा।** कन्नौद विधानसभा के विधायक पंडित आशीष शर्मा का उनके समर्थकों द्वारा फूल माला पहनाकर, ढोल बाजे के, आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इस दौरान आष्टा के युवा भाजपा नेता सुमित पांडे ने भी अपने साथियों के साथ खातेगांव विधायक पंडित आशीष शर्मा से मुलाकात कर बधाई दी। सुमित पांडे ने विधायक आशीष शर्मा को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्रति आकृति उपहार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर सुमित पांडे के साथ दीपक राठौर, ज्ञानसिंह ठाकुर, राहुल राय, विकास परमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**सीहोर।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसी क्रम में 14 से 21 जनवरी, 2024 के मध्य शासन के आदेश अनुसार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी घाटों, मंदिरों आदि में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी के प्रमुख नर्मदा नीलकंठ घाट इसी के साथ ग्रामपंचायत मठ्ठा घाट, सरदार नगर, नीलकंठ राम मंदिर मोलगा, आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भेरूंदा तहसील राजस्व अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी दीपक कपूर सहित अन्य उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत नगर में हुए कार्यक्रम

# देश के विकास से लोगों का विश्वास बढ़ रहा है: विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

नगर के वार्ड 18 और 14 में आयोजित हुए कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसमें लाभों से वंचित रह गये व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। इन सभी के चलते आज संपूर्ण प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

यह बात जनपद पंचायत परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, विशेष अतिथि सचिव भारत सरकार प्रबिश रंजन विश्वास, प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, अनुविभागीय अधिकारी आनंद राजावत, एसडीओपी आकाश अमलकर, सीईओ अमितकुमार व्यास, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, प्रदेश महामंत्री धारासिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान, सोनू गुणवान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, कृपालसिंह पटाड़ा, नगीनचंद्र जैन, पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, तारा कटारिया, अंजली चैरसिया, विशाल चैरसिया, प्रभात धाड़ीवाल, कैलाश बगाना, उमेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात श्रीराम श्रीवादी टीम द्वारा स्वागत गीत, स्वच्छता गीत का गायन किया गया।



स्वागत भाषण व योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने दी। मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को नगरपालिका द्वारा नगर में चलाई जा रही योजनाओं का आंकड़ों सहित विस्तृत जानकारी भी नागरिकों को दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि इस यात्रा से योजनाओं के लाभों से वंचित रह गये पात्रताधारियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने लाभान्वितों से कहा कि योजना का लाभ मिलने के बाद होने वाली खुशी को अन्य लोगों से भी साझा करना चाहिए। पहले के समय में लोग आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर थे, जिसे भाजपा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से दूर किया है। कार्यक्रम के दौरान भरे मंच से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर के सभी वार्डो के विकास के लिए नगरपालिका को 1 करोड़ रूपये की राशि अपनी विधायिकी से देने की घोषणा की, वहीं अभिभाषक संघ के बैठने के लिए उचित स्थान की व्यवस्था करते हुए 20 लाख रूपये की लागत से व्यवस्थित हॉल निर्माण की घोषणा की, साथ ही डोराबाद स्थित शमशान घाट निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की घोषणा की।

विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि आष्टा अंचल के सर्वांगिण विकास में कोई कमी नही आने दी जाएगी। संपूर्ण तहसील के साथ आष्टा नगर विकासशील शहरों की गिनती में शुमार होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी उपस्थित भारत सरकार के सचिव क्षेत्रीय विधायक नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपस्थित मनचा सीएमओ राजेश सक्सेना ने पुष्पमाला से स्वागत किया। विशेष अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित युवाजनों, लाड़ली बहनों, स्व.सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार चार गरीबी को दूर करने का काम कर रही है। चारों गरीबी में कमजोर युवा, महिलाएं, किसान के साथ ही बेसहारा गरीब जन है, जिन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का काम भाजपा सरकार तेजी से कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य इन चारों को सशक्त बनाना है और इसी उद्देश्य के साथ संपूर्ण प्रदेश में 16 जनवरी से यह यात्रा प्रारंभ हुई है जो अपने नगर में आज आई, जिसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभों से हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया है। यह यात्रा 26 जनवरी तक अनवरत रूप से पूरे प्रदेश में भ्रमण कर पात्र छूटे हुए हितग्राहियों को लाभ दिलाने का काम करेगी।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों द्वारा स्व.सहायता समूह की महिलाओं को लाभ वितरण किया गया, वहीं विभिन्न कलाओं में अपनी उत्कृष्टता दिखाने वाले मेघावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा लगाए गए प्रत्येक स्टालों पर पहुंचकर संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल के पूरे पंडाल में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए, जिसके माध्यम से अनेकों नागरिकों ने लाभ लिया। आभार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किया तथा संचालन सुरेन्द्रसिंह शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में विभागों के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

# राम मंदिर का न्योता ठुकराने से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

**सरपंच सहित कई कार्यकर्ता थे नाराज**



**आष्टा।** विधायक गोपाल इंजीनियर के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुऐ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के करोड़ो हिंदुओ की आस्था का केन्द्र राम मंदिर का 550 वर्षो बाद निर्माण हो रहा है अयोध्या में 22 जनवरी को विशाल और भव्य रुप से होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने मना कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस आयोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। जिससे अब कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता अपने शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले से खासे नाराज़ दिखाई दे रहे हे और यह तक की कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हों रहे है। लिहाजा कांग्रेस हाईकमान के इस फैसले के खिलाफ सिहोर के आष्टा में भी कांग्रेस के पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ग्राम पंचायत पटरिया गोयल के सरपंच राजेंद्र पटेरिया सहित कई कार्यकर्त्ता विधायक गोपाल इंजिनियर की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हों गए। इस दौरान कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले ग्राम पंचायत पटरिया गोयल के सरपंच राजेंद्र पटेरिया ने कहा की मैं कई वर्षो से कांग्रेस पार्टी के लिए काम करते आये है कांग्रेस के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहते हुए पार्टी के आयोजनों में सक्रियता निभाते आया हू। राजेंद्र पटेरिया ने कहा कि राम मंदिर किसी राजनीति या पार्टी का विषय नहीं है। राम में देशवासियों की आस्था है। शीर्ष नेतृत्व के फैसले से आहत होकर पार्टी को छोड़ दिया है। इस दौरान राजेंद्र ने बताया की उनके साथ जसरथ सिंह पटेल, श्रीमल पटेल, अचल सिंह पटेल, धीरप सिंह, मनोहर सिंह, विनोद मेवाड़ा, कृपाल सिंह, देव सिंह, पूरन सिंह, भागीरथ सिंह,किशोर सिंह, हूकर सिंह मालवीय, बाबूलाल मालवीय, जगदीश जाटव, जयराम जाटव, बलवान जाटव, पंकज मेवाड़ा, देवराज मेवाड़ा, हिमासू मेवाडा, दीपक मेवाडा, अनिल मेवाडा, आयुष मेवाड़ा ,प्रीतम मेवाड़ा, पप्पू मेवाड़ा, दिनेश मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, सुबाल मेवाडा, मुकेश मेवाडा, विजेंद्र मेवाडा, राजेंद्र मेवाडा, जुगल विश्वकर्मा, सुनील जैसवाल, अमन जैसवाल ,प्रभु जायसवाल राकेश मेवाडा सहित कई लोग भाजपा में शामिल हुए।

# कॉलोनी चौराहा पर किया रामभक्तों का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ज्ञात रहे कि प्रभु श्री राजारामचंद्र जी की पावन जन्म स्थली अयोध्या में मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम की भव्य व मनमोहक प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होना है, इसी उपलक्ष्य में नगर में सनातनी श्रीराम भक्तों द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राम फेरी नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई।

इसके पूर्व पार्वती नदी तट स्थित प्राचीन शंकर मंदिर मठ में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विनीत सिंगी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, योगेन्द्रसिंह ठाकुर, पार्षद रवि शर्मा, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, नगर पुरोहित डॉ. दीपेश पाठक, मनीष पाठक, सुदीप जायसवाल द्वारा भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की गई। नगर की महिला एवं पुरूष भजन मंडली द्वारा राम नाम का संकीर्तन करते हुए राम फेरी में शामिल थे।नपाध्यक्ष ने किया कॉलोनी चैराहा पर स्वागत - प्रभु श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में निकाली गई राम फेरी का कॉलोनी चैराहा पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा राम फेरी में शामिल सभी रामभक्तों का कई स्थानों पर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रभात धाड़ीवाल, हेमंत गिरी, कुमेरसिंह मिट्ठूपुरा मनीष पाठक, पार्षद रवि शर्मा, आनंद गोस्वामी, रोहित तौमर सहित बड़ी संख्या में रामभक्तगण मौजूद थे।

### हाथों में भगवा ध्वज लिए राम भक्त घर-घर दे रहे हैं पीले चावल

**कोठरी ।** अयोध्या में रामलाल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश भर में उत्सव का माहौल बना हुआ है, नगर के मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है एवं मंदिरों को झिलमिल रोशनियों से सजा दिया गया है, साथ में 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीपावली की तर्ज पर दीपक जलाने वा उत्सव मनाने का आवाहन राम भक्त घर-घर जाकर कर रहे हैं, राम भक्त हाथ में भागवत ध्वज लिए श्री राम की भक्ति में भजन गाते हुए घर-घर पीले चावल वितरण कर रहे हैं, कलश की आरती उतार कर तिलक लगाकर स्वागत नगर वासी कर रहे हैं ,नगर में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है वहीं घरों पर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन कीर्तन किए जा रहे हैं, राम भक्त सुबह 4:00 बजे से प्रभात फेरी भजन कीर्तन करते हुए भी प्रतिदिन निकल रहे हैं अक्षत वितरण का कार्यक्रम राम भक्त प्रतिदिन कर रहे हैं, राम भक्तों की टोली बनाकर अलग-अलग वार्डों में अक्षत वितरण का कार्यक्रम चल रहा है



# पठान बंधु ने 60 रन से जीता मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुखर्जी मैदान पर ईपीएल चेम्पियन ट्राफी 2023 का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिस में पठान बन्धु ने 60 रन से खिताबी मुकाबले में जीत हासिल की। पठान बन्धु ने पहले खेलकर 189 रन बनाए जिस में पंकज मॉलवीय ने शानदार बल्लेबाजी 89 रन की पारी खेली बाद में एमकेआर ने रनों के पीछे करते हुए 130 रन ही बना पाई। जिस में राहुल गुणवान ने शानदार 56 रन की पारी खेली। लेकिन टीम को नही जीता पाई और मुकाबले को 60 रन से जीत लिया।

मेंन आफ द मैच पंकज मॉलवीय रहे। प्रतियोगियता में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद कालू भट्ट, पार्षद तेज सिंह राठौर थे। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अपने उध्बोधन में कहा कि सभी को बधाई दी और कहा कि आप लोगो के बीच से ही में निकल कर राजनीति के मैदान में आया हु। में आपकी परेशानी समझता हूं आप को जो भी जब भी मेरी आवश्यकता हो आप मुझे याद करे में आपके लिए सदा तैयार हूं। हमारे शहर में कई क्रिकेट खिलाड़ी है। जो मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करते है। इसी तरह मैहनत करते रहे। कालू भट्ट ने कहा कि जिनके हमारे खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग जी से अच्छे सम्बन्ध है उनके माद्यम से और हमारे नगरीय प्रसासन के मंत्री कैलाश विजय वर्गीय जी से भी हम मांग कर रहे कि मैदान के विकास के लिए हमे राशि स्वीकृत करे। ताकि इस का विकास हम तेजी से कर सके। आयोजन में अमित बिल्लोरे, उदय तोतलानी, गोलू परमार, रवि मेवाड़ा, मजहर खान, बाला भाई, बलबीर ठाकुर सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन कुशल पाल लाला द्वारा किया गया।



**आष्टा।** विजेता टीम को पुरस्कार देते हुए मुख्य अतिथिगण।

# ग्राम आनंदीपुरा पहुंचे तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम जी के भव्य दिव्य मन्दिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह, उमंग, श्रद्धा और भक्ति का माहौल नजर आ रहा है। पूरा क्षेत्र केसरिया माहौल में रंगता जा रहा है। अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश ग्राम आनंदीपुरा पहुंचे।

ग्रामीणों ने टोली बनाकर ग्राम जगन्नाथपुरा, आनंदीपुरा, घनश्यामपुरा में घर-घर जाकर पूजित अक्षत और श्री राम मंदिर की आकृति, प्राण प्रतिष्ठा के पत्रक वितरण कर सभी ग्रामीणों को 22 तारीख को ग्राम के मंदिर में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल। होने के लिये पीले चावल देकर आमंत्रित किया। इसी के साथ ही 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों पर विद्युत सज्जा करने,घरों के बहार दीपक लगाने,रंगोली बनाने एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने की युवाओं ने अपील की।



इस अवसर पर रात्रि में ग्राम के युवाओं को ने टोली बनाकर राम भजन कीर्तन गाते हुए ढोल की थाप पर घर-घर पहुंचे और अक्षत वितरण कर ग्रामीणों को 22 जनवरी को ग्राम में आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। 22 को ग्राम आनन्दीपुरा में भंडारे का भी आयोजन किया गया है। घर घर अक्षत वितरण के दौरान ग्राम के हरि सिंह पटेल पूर्व सरपंच, सज्जन सिंह सरपंच, निर्मल पटेल, जीवन सिंह, मनोज मेवाडा,महेंद्र कुमार, साजनसिंह गोविंद सिंह, विजेंद्रसिंह, रोहित, अरुण, अंकित, जुगल, देवकरण, इंद्रमल, संतोष, हरीश आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कई स्कूलों में दसवीं-बारहवीं का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम नहीं रहा संतोषजनक**

# परीक्षा के खराब रिजल्ट का कारण जानने में लगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अगले माह 5 फरवरी 22 दिन बाद से प्रारंभ हो रही माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं सिर पर है। इस बार अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम को आधार मानकर अभ्यास शुरू किया जा रहा है। अर्धवार्षिक परीक्षा में जावर का शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा। इसी प्रकार सिद्धिकगंज में दसवीं का परीक्षा परिणाम भी संतोषजनक नहीं रहा। मॉडल स्कूल ने दोनों परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर सभी को चौंका दिया है। वहीं नौगांव स्कूल के दसवीं का परीक्षा परिणाम भी काफी संतोजनक रहा।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षा में जिन स्कूलों का रिजल्ट कमजोर रहा है इसे लेकर प्राचार्यों से पूछा गया है कि खराब रिजल्ट का कारण क्या है तथा निर्देश दिए है कि बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। वैसे प्राचार्यों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगने के कारण परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं आया है ,तो बाकी स्कूलों के परीक्षा परिणाम कैसे अच्छे आए ।क्योंकि वहां के शिक्षकों की ड्यूटी भी विधानसभा चुनाव में लगी थी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम 50 प्रतिशत एवं उसके लगभग आने वाले विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि अपने रिजल्ट को सुधारने के लिए प्रयास करें तथा उन्हें सुझाव भी दिए गए हैं ।जब अधिकारियों ने परीक्षा परिणाम बिगड़ने का के बारे में पूछा तो बताया गया कि विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगी थी और चुनाव करवाने में व्यस्त थे ।इसलिए स्कूल पर ध्यान नहीं दे पाए ।हालांकि उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बेहतर लाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### रिजल्ट सुधारना चुनौती का कार्य

शिक्षा विभाग के लिए इस बार बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। क्योंकि मात्र 22 दिन बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चे हैं ।इसी में कई स्कूलों में 60 से 70 प्रतिशत ही कोर्स हो पाया है। पहले तो कोर्स पूरा कराना ,फिर उसका रिवीजन करवाना होगा ।वहीं जिला पंचायत के उपचुनाव में भी कुछ शिक्षकों की ट्रेनिंग में ड्यूटी लगी थी ।पंचायत चुनाव में भी कई शिक्षकों को सेवाएं देना पड़ेगी ।विद्यार्थियों ने बताया कि गणित, अंग्रेजी, केमिस्ट्री जैसे विषयों में उनको सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि कम समय को ध्यान में रखते हुए अभ्यास वर्ग स्कूलों में चलाए जाएंगे। जिसमें छोटे प्रश्नों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। क्योंकि बोर्ड परीक्षा में ऑब्जेक्टिव प्रश्न अधिक आते हैं । इनके माध्यम से रिजल्ट अच्छा लाने की तैयारी कराई जा रही है।

### क्यूआर कोड पर रहेगी जानकारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि पहली बार परीक्षा के एडमिट कार्ड के पीछे क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। उक्त कोड को स्कैन करने पर परीक्षार्थी की पूरी जानकारी मिल सकेगी। उसका फोटो, आधार कार्ड, माता-पिता की जानकारी, स्कूल सहित अन्य जानकारियां। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि फर्जी परीक्षार्थियों को रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने यह हाईटेक तरीका अपनाया है।

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंदल ने नगर में निकाली कीर्तन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

रविवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिंदू समाज के तत्वाधान में बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस शिवमन्दिर पर समापन हुआ। जो की 22 जनवरी अयोध्या जी में भव्य मंदिर निर्माण के उपलक्ष में निकाली गई। समस्त ग्राम वासियों माता बहनों से आग्रह किया गया की संकीर्तन यात्रा में उपस्थित होकर अपने गांव-गांव में भी समस्त हिंदू समाज उत्सव मनाएं। इस मौके पर सकल हिंदू समाज उपस्थित रहा।